स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें युवा

संबोधित करते हुए गादिया।

रतलाम. स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के उपलक्ष में कन्या महाविद्यालय में सेवा सप्ताह के अंतर्गत सात दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मंगलेश्वरी जोशी ने की। अतिथि के रूप में मौजूद रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष प्रीतेश गदिया ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने छोटी सी उम्र में जो उपलब्धियां प्राप्त की है। उनसे हमें प्रेरणा लेकर आगे बढना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मंगलेश्वरी जोशी ने की।

रेडक्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष सुलोचना शर्मा ने रेडक्रॉस सोसाइटी के महत्व एवं कार्यो से अवगत करया। कॉलेज में रेडक्रॉस सोसाइटी की संयोजक डॉ. मधु गुप्ता ने कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान दीपिका कसेरा, द्वितीय स्थान भाग्यश्री प्रजापत, तृतीय स्थान मिताली कैथल ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में डॉ. मानिक डांगे, डॉ. सुनीता श्रीमाल, प्रो. वंदना नामदेव, प्रो. सुनीता जैन, प्रो. निशा निमावत विशेष रूप से उपस्थित रहे। संचालन डॉ. सौरभ गुर्जर किया एवं आभार डॉ. रोशनी रावत ने माना।